तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

6 सांस्कृतिक पहचान को सहेजने में मड़ई मेला ...

6 कोमाखान कॉलेज में वार्षिकोत्सव का हुआ...




## खबर संक्षेप

### डांस देख रहे युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** नयापारा में आयोजित डांस प्रतियोगिता के दौरान एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में चार लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार आर्यन तिवारी (करीबन 22 वर्ष) 27 जनवरी की रात 09 बजे शिव मंदिर के पास मोहल्ले में हो रहे डांस प्रतियोगिता को देखने के लिये गया था। किशन यादव, बैसाखू यादव, पप्पू यादव व मयंक मानिकपुरी ने साथ आर्यन तिवारी को देखकर पुरानी रंजिश एवं पुलिस की मुखबिरी करते हो कहकर विवाद करते हुए गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मोटर पंप को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अठारहगुड़ी में पुराने पंप को लेकर मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को शिवबती डडसेना ने बताया कि करीब 15 साल पहले उन्होंने अपने घर में बोर खुदवाया था और सैंपल के लिए जितेंद्र डडसेना से उसके मोटर पंप को मांगा था। इसके बाद नया मोटर पंप लेने के बाद उसके पुराने मोटर पंप को वापस कर दिया था। 31 जनवरी की सुबह करीबन 07 बजे गांव का जितेंद्र डडसेना उसके घर आया और अपने मोटर पंप को वापस मांगा, जिस पर प्रार्थिया ने कहा क तुम्हारे मोटर पंप को हम लोग 15 साल पहले दे चुके है। यह सुनकर आरोपी गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने प्रार्थिया के पति आत्माराम डडसेना के साथ मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रेलर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** सिंघनपुर मेला में मिट्टी का खिलौना बेचकर वापस आ रहे एक बाइक सवार की ट्रेलर से टकराने से मौत हो गई, घटना में मृतक का नाती घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक टीकाराम राणा 30 जनवरी की शाम करीब 4 बजे अपने नाती लक्ष्मीकांत राणा के साथ अपने टीवीएस एक्सेल क्रमांक सीजी 04 एमके 3776 से सिंघनपुर मेला मिट्टी का खिलौना सामान बेचने गया था। दूसरे दिन रात करीब 1:10 बजे दोनों वापस आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम चट्टीगिरोला राजेश ढाबा के सामने एनएच 53 के पास रोड किनारे ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीए 3644 के चालक के द्वारा अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक बिना पार्किंग के रोड किनारे खड़ा किया गया था, जिससे टकराने से टीकाराम राणा की मौत हो गई और उसके नाती लक्ष्मीकांत राणा (10 वर्ष) को चोट आई। रिपोर्ट पर आरोपी धारा 285, 106(1) बीएनएस, 122/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सिरपुर महोत्सव : अंचल के विकास के लिए सिरपुर बैराज जल्द ही स्वीकृत होगी

# सिरपुर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- तीन दिवसीय महोत्सव का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया शुभारंभ

सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा किया गया। मुख्य मंच पर मुख्यमंत्री साय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिलेवासियों को माघी पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महानदी के तट पर स्थित गंधेश्वर महादेव के आशीर्वाद से यह क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सिरपुर केवल छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की सांस्कृतिक पहचान है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले को लगभग 200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी गई है, जिससे सड़क, पुल, पेयजल, पर्यटन, पेयजल एवं अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार सिरपुर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत आधुनिक सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, पर्यटक सुविधा केंद्र एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का टूरिस्ट कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिरपुर की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस गौरवशाली विरासत से परिचित हो सकें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज यहां मलेशिया, कोरिया, जापान के बौद्ध विचारक पधारे हैं। उन्होंने कहा कि सिरपुर में सनातन, बौद्ध और जैन संस्कृति का विस्तार हुआ, यह संस्कृति का अदभुत संगम है। सिरपुर में पर्यटन की विकास की संभावनाओं को देखते हुए सरकार इसे विश्व धरोहरों में शामिल करने गंभीरता से प्रयास कर रही है। देश दुनिया में सिरपुर का नाम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंचल के विकास के लिए सिरपुर बैराज की स्वीकृति भी जल्दी होगी। सिकासेर जलाशय से कोडार जलाशय में पानी लाने के लिए योजना पर शीघ्रता से कार्य जारी है। इससे क्षेत्र के किसानों को लगातार पानी मिलेगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, साडा के सीईओ धम्म शील गणवीर, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, प्रशानिक अधिकारी एवं नागरिक मौजूद थे।




**यह रहे तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मंचस्थ**

इस अवसर पर मंच पर विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिल कांत साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरुप दीवान, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना डॉ. खुशबू अभिषेक अग्रवाल, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपडा, राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एवं गाइड संघ इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, जनपद पंचायत सदस्य दशरी ध्रुव एवं भारत स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धर्म, कला और ज्ञान की संगम स्थली है सिरपुर

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा



कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि आज इस पावन धरती सिरपुर में इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महोत्सव का साक्षी बनने का अवसर मिला है। यह वही भूमि है जहाँ धर्म, कला और ज्ञान का अद्भुत संगम हुआ है। विधायक सिन्हा ने कहा कि आज हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सिरपुर के संरक्षण, विकास और वैश्विक पहचान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, बिजली, जल, पर्यटन सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं के विकास से यह क्षेत्र नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। बॉक्स




**अवलोकन** सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टॉल एवं आकर्षक प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सिरपुर हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया स्वागत



जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित सिरपुर महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल एवं साजा विधायक ईश्वर साहू का हेलीपेड पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भारत स्काउट एवं गाइड संघ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार उपस्थित रहे।

### जिले के 5 उद्यमी व्यापार रत्न से हुए सम्मानित



**महासमुंद।** व्यापार, समाज और प्रदेश के आर्थिक विकास में अनुकरणीय योगदान के चलते जिले के 5 उद्यमियों को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापार रत्न की उपाधि से नवाजा गया है। बता दें कि यह सम्मान इन उद्यमियों को उनकी मेहनत, दूरदृष्टि और कुशल नेतृत्व क्षमता के लिए प्रदान किया गया है। सम्मानित हुए उद्यमियों में महासमुंद से पारस चोपड़ा, भूपेश भाई पोपट व डॉ. एचबी कालीकोटी एवं बागबाहरा से आकाश जैन एवं अभिषेक चंद्राकर शामिल हैं। सम्मान प्राप्ति पर महासमुंद ईकाई के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए निरंतर प्रगति करते हुए समाज व व्यापार जगत को नई दिशा प्रदान करते रहने की शुभेच्छा जताई है।

### गांजा प्रकरण में छह आरोपियों को 12 वर्ष कारावास डेढ़ लाख का अर्थदंड

**सरायपाली।** सिंघोड़ा, बलौदा, सरायपाली थाना में पकड़े गये गांजा तस्करों के खिलाफ अब सुनवाई के बाद न्यायालय द्वारा इसे गंभीर आचरण मानते हुए लगातार कड़ी सजा दी जा रही है। अभी तक लगभग 6-7 प्रकरणों में सभी आरोपियों को लंबी कारावास व जुर्माने की सजा दी जा चुकी है। ज्ञातव्य हो कि अवैध गांजा का मुख्य केंद्र ओडिशा है जहां से आये दिनों देश के विभिन्न राज्यों पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही के बाद भी यह अवैध तस्करी का कार्य थम नहीं रहा है। तस्कर भी नए तरीके अपना रहे हैं। उसके बाद भी सजग व सक्रिय पुलिस के हत्थे चढ़ रहे हैं। सरायपाली व खासकर महासमुंद जिला ओडिशा सीमा से लगे होने के कारण तस्करों द्वारा विभिन्न वाहनों से तस्करी की जाती है। उक्त प्रकरण में विगत 30 दिसंबर को प्रकरण के अंतिम सुनवाई पश्चात वंदना दीपक देवागंन विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) सरायपाली के न्यायालय में थाना सिंघोड़ा के अपराध कमांक 06/2024 धारा 20 (ग) नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में छह आरोपीयों को अपने वाहन बोलेरो कार कमांक एमपी 09 एफए 1779 में 50 कि.ग्रा. गांजा परिवहन के मामले में दोषी पाते हुए सभी आरोपी मानसिंग राजपूत, मुकेश मालवी, मोहनलाल जमादार, नटवर कावल, पिरुलाल पुजारी एवं प्रेमसिंग राजपूत को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास तथा डेढ लाख रु. का अर्थदंड प्रत्येक को, अर्थदंड भुगतान न करने पर 1-1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास के दंड से दण्डित किया साथ ही अपराध में प्रयुक्त वाहन के राजसात की कार्रवाई में स्वतंत्र साक्षी भूपेंद्र साहू, गुषामणि प्रधान तथा नायक पक्ष द्रोही हो गये, इन्होंने अभियोजन का समर्थन नहीं किया था परंतु हमराह स्टॉफ जीवर्धन बरिहा, रोहित सिदार, एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ आरक्षक भूपति पटेल तथा विवेचक सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण साहू के न्यायालयीन कथन पर विश्वास करते हुए विशेष न्यायालय के द्वारा दोषी पाते हुए उक्त निर्णय दिया गया। उक्त प्रकरण की पैरवी देवेंद्र शर्मा विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस सरायपाली द्वारा की गई।

## बेदखली वारंट की आड़ में बड़ा खेल, बिना वैध आदेश के जेसीबी से तोड़ा पैतृक घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तहसील बसना अंतर्गत ग्राम मुड़पहार पटवारी हल्का क्रमांक 36 में एक अत्यंत गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बिना सक्षम प्राधिकारी के आदेश के एक 40 वर्ष पुराने पैतृक आवासीय मकान को जेसीबी से तोड़ने का आरोप है। इस घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुड़पहार निवासी बृजेंद्र कुमार साहू (उम्र 58 वर्ष) ने बसना थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर बताया कि उनकी भूमि खसरा नंबर 119, रकबा 0.67 हेक्टेयर पर विगत लगभग 40 वर्षों से उनका आवासीय मकान निर्मित था। आरोप है कि 11 दिसंबर 2025 को बिना किसी वैधानिक आदेश के कुछ राजस्व अधिकारियों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा जेसीबी मशीन लाकर उक्त मकान को



- गरीब परिवार का 40 वर्षों का आशियाना उजड़ा, न्याय की उम्मीद में पीड़ित पहुंचा कलेक्टर जनदर्शन
- राजस्व अधिकारियों पर मनमानी का आरोप, जेसीबी से तोड़ा गया आवासीय मकान

तोड़कर समतल कर दिया गया।

पीड़ित के अनुसार मकान तोड़े जाने के दौरान वहां रखे कृषि उपकरण, घरेलू सामान एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं पूरी तरह नष्ट कर दी गईं, जिससे करीब 12 से 15 लाख रुपये की अपूरणीय क्षति हुई है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि तहसीलदार बसना द्वारा जारी बेदखली वारंट में मकान तोड़े जाने का कोई आदेश नहीं था, इसके बावजूद कथित रूप से दबाव एवं मनमानी करते हुए कार्रवाई की गई। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाने, थाना में बंद कराने एवं जेल भेजने की धमकी भी दी गई।

### पीड़ित ने कलेक्टर से लगाई गुहार मांगी निष्पक्ष जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित द्वारा यह शिकायत न केवल बसना थाना प्रभारी को दी गई है, बल्कि जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में भी लिखित शिकायत प्रस्तुत कर उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि बिना विधिसम्मत आदेश के किसी का वर्षों पुराना घर तोड़ा जा सकता है, तो आम नागरिक की सुरक्षा और अधिकारों पर बड़ा सवाल खड़ा होता है।

### जिले में परीक्षा को लेकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए, दो पालियों में हुई परीक्षा

# 27 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा रविवार को जिले के कुल 27 परीक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिले में परीक्षा को लेकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए रहें और दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा में अभ्यर्थियों का भारी उत्साह देखने को मिला। परीक्षा का आयोजन दो सत्रों में किया गया। पहली पाली प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के अध्यापन की पात्रता के लिए थी, जबकि दूसरी पाली उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के लिए आयोजित की गई। सुबह के सत्र में कुल 2524 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2259 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस सत्र में उपस्थिति का प्रतिशत काफी बेहतर रहा। दोपहर के सत्र में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक रही। यहां कुल 4428 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4130 उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर



सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ जुटने लगी थी। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। राहुल कुमार और प्रिया ने बताया कि प्रथम पाली का प्रश्नपत्र संतुलित था, जिसमें बाल विकास और शिक्षाशास्त्र के प्रश्न थोड़े घुमावदार लेकिन हल करने योग्य थे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा देकर निकले अमित और संगीता ने कहा कि गणित और विज्ञान के सवाल थोड़े समय लेने वाले थे, लेकिन तैयारी अच्छी होने के कारण उन्होंने समय पर पेपर पूरा कर लिया। परीक्षार्थी नीलम ने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा बैठक व्यवस्था और पेयजल के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### प्रशासन की चौकस व्यवस्था

कलेक्टर के निर्देशन में सभी 27 केंद्रों पर उड़नदस्ते और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी ताकि परीक्षा पारदर्शी और नकल विहीन हो सके। दोनों पालियों में कहीं से भी किसी अप्रिय स्थिति या नकल की कोई खबर नहीं मिली है। इस परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थी भविष्य में निकलने वाली शिक्षक भर्ती के लिए पात्र माने जाएंगे, यही कारण है कि इस बार उपस्थिति का ग्राफ पिछले वर्षों की तुलना में काफी ऊंचा रहा।

## गांजा परिवहन करते पांच लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा का अवैध परिवहन करने वाले पांच लोगों को तुमगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े दस लाख रुपए का गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि एनएच 53 रोड अमावस रोड तिराहा के पास दो स्कूटी में सवार आरोपी देवा मंडल उर्फ बबई पिता मनीद्रो मंडल (36 साल) खरियार रोड थाना जोंक जिला नुआपाडा (ओडिशा), इमरान खान पिता जाकिर खान (18 साल) वार्ड नं 13 खरियार रोड थाना जोंक जिला नुआपाडा (ओडिशा), शकील खान पिता वकील खान (21 साल) वार्ड नं 17 मोंगरापाली खरियार रोड थाना जोंक जिला नुआपाडा (ओडिशा), शुभम गोटिया उर्फ सुब्बु पिता मुन्ना लाल गोटिया (30 साल) चेरीताल कन्या शाला स्कूल के पीछे जबलपुर थाना सिटी कोतवाली जबलपुर जिला जबलपुर(मप्र), सोमेत सोनकर उर्फ ओम पिता कृष्ण कुमार सोनकर (20 साल) भर्तीपुर थाना बडी उमती जिला जबलपुर (मप्र) के कब्जे से कुल 21.300 किलोग्राम गांजा कीमत 10,50,000 रुपए को बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II) (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## 69वीं शालेय खेल में शिवानी का हुआ चयन



**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक 19 वर्षीय बालिका रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित किया गया है। जिसमें चयनित खिलाड़ी शिवानी बघेल पिता दीपक बघेल कक्षा दसवीं की छात्रा हैं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोडा स्कूल में अध्यनरत है का चयन किया गया। शिवानी को डीईओ विजय घृतलहरे, जिला खेल अधिकारी अंजलि बरमाल, मनोज कुमार घृतलहरे, प्राचार्य डीएन जांगड़े, शोभा सिंहदेव, व्यायाम शिक्षिका इंद्राणी भास्कर, जगदीश सिन्हा, हेमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल एवं समस्त बेलसोडा स्टाफ, एवं डॉक्टर सुनील कुमार भोई अंजनी साहू, हिरेंद्र साहू एवं समस्त व्यायाम शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## लक्ष्मी ने किया साइंस पार्क का भ्रमण



**सरायपाली।** आईआईएसईआर पुणे तथा समग्र शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के प्रारंभिक स्तर पर स्कूल मेंटरिंग बॉय हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के तीन दिवसीय कार्यशाला में लक्ष्मी नायक शिक्षिका शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला खपरीडीह पुणे में आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुई। प्रशिक्षण में पिंपरी चिंचवाड़ साइंस पार्क का भ्रमण कराया गया जहां तारामंडल, विविध कंपनी इंजन, टेलीस्कोप द्वारा चंद्रमा तथा बृहस्पति तथा शनि ग्रह को दिखाया गया। कागज की टोपी के माध्यम से विविध ज्यामिति आकृति, प्रकाश के विविध गुण, विविध प्रयोगशाला का अवलोकन कराया गया।

**कार्यक्रम : सिंघनपुर में आयोजित किया गया सांस्कृतिक आयोजन**

# सबरी माता महोत्सव में शामिल हुए ओडिशा सांसद निरंजन बिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली ओडिशा राज्यसभा सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता निरंजन बिशी ने मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर सिंघनपुर में आयोजित होने वाले सबरी माता महोत्सव के लिए 2 करोड़ की वार्षिक राज्य सहायता/अनुदान स्वीकृत करने की मांग की है। सांसद बिशी ने अपने पत्र में कहा कि सबरी माता महोत्सव छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख और ऐतिहासिक आदिवासी धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन है, जो प्रतिवर्ष लगातार दस दिनों तक आयोजित होता है। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

उन्होंने बताया कि इस महोत्सव की विशेष पहचान यह है कि दसों दिनों तक सभी श्रद्धालुओं को बिना किसी भेदभाव के निरंतर अन्न-भोग (भंडारा) प्रदान किया जाता है। साथ ही जनजातीय नृत्य, संगीत, लोक परंपराओं एवं धार्मिक



अनुष्ठानों के माध्यम से आदिवासी संस्कृति का संरक्षण किया जाता है।

सांसद बिशी ने कहा कि वर्तमान में इस पूरे आयोजन का वार्षिक व्यय लगभग 2 करोड़ है, जिसे सबर आदिवासी समाज एवं श्रद्धालु स्वयं वहन कर रहे हैं, जबकि इतने बड़े सार्वजनिक आयोजन के लिए कोई सुनिश्चित राज्य सहायता उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने यह भी मांग की कि सबरी नारायण मंदिर परिसर में भोग मंडप, कल्याण मंडप, आदिवासी सांस्कृतिक संग्रहालय एवं सीमा दीवार का निर्माण किया जाए, ताकि महोत्सव का आयोजन सुव्यवस्थित हो सके और आदिवासी संस्कृति को स्थायी आधार मिल सके।

सांसद बिशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लगभग 32 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों की है, और संविधान के अंतर्गत आदिवासी आस्था स्थलों एवं संस्कृति का संरक्षण राज्य का दायित्व है। सबरी माता महोत्सव को राज्य सहायता देना खर्च नहीं, बल्कि आदिवासी कल्याण, सांस्कृतिक संरक्षण और समावेशी विकास में निवेश है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार इस दीर्घकालीन एवं न्यायोचित मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।

राज्य सभा सांसद निरंजन बिशी द्वारा सिंघोड़ा घाटी के रुद्रेश्वरी मंदिर में विधि विधान से पूजा पाठ किया वो छत्तीसगढ़ प्रदेश के सवरा समाज माघ पूर्णिमा महोत्सव 2026 के कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए हुए थे परिवार के सिंघोड़ा निवासी तेजराम बिशी (पंचायत सचिव), आनंदकुमार विशी (मेदनीपुर), राजेंद्र भोई (छादनपुर), युवराज रावल (बैदपाली) और प्रदेश अध्यक्ष सवरा समाज प्रेमलाल सिदार और सिंघोड़ा मंदिर मुख्य पुजारी महाराज कौस्तुभ मिश्रा, रोशन सतपथी, वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संध्या भोई, चंद्रकांति भोई, चंद्रकांति, शौकीलाल भोई और पत्रकार जगदीश पटेल भी उपस्थित रहे।

# धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी प्रभारी क्षमानिधि साव के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कृषि साख सहकारी समिति कुरचुंडी पंजीयन क्रमांक 856 में तहसीलदार के निर्देशानुसार राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं मंडी की संयुक्त जांच टीम के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान 3325 बोरी धान की कमी पाई गई। एसडीएम बसना के द्वारा जांच कर प्रतिवेदन कलेक्टर महासमुंद को सौंपा गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने तत्काल कुरचुंडी धान खरीदी केंद्र प्रभारी के विरुद्ध एफआईआर का आदेश दिया गया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा गढ़फुलझर के शाखा प्रबंधक एन के चौरसिया ने बसना थाना पहुंच कर एफआई आर दर्ज करवाया गया। कुरचुंडी धान खरीदी प्रभारी के विरुद्ध बसना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जांच प्रतिवेदन में यह खुलासा हुआ कि धान खरीदी प्रभारी क्षमानिधि साव द्वारा धान खरीदी नीति 2025–26 का घोर उल्लंघन करते हुए केंद्र के धान स्टॉक में 3325 बोरी धान की कमी की गई है। यह कमी कुल 1330 क्विंटल धान की है, जिसका समर्थन मूल्य 31,50,770 रुपए, कृषक उन्नति योजना राशि 9,72,230 रूपये बाजार कीमत आंकी गई है। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया है कि यह कृत्य केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि गंभीर वित्तीय अनियमितता, शासन को प्रत्यक्ष आर्थिक क्षति पहुंचाने वाला और समिति की



साख को धूमिल करने वाला कृत्य है। जांच में यह भी सामने आया कि खरीदी प्रभारी द्वारा कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही, नियमों की अवहेलना और गंभीर अनियमितता की गई है। इन तथ्यों के आधार पर कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराए जाने का आदेश दिया गया है।

## बावनकेरा उर्स पाक की तैयारी जोरों पर

**महासमुंद।** प्रतिवर्षानुसार हर्षोल्लासपूर्वक मनाये जाने वाला बावनकेरा उर्स पाक की तैयारी में उर्स कमेटी मुस्लम जमात एवं बावनकेरावासी जोरों से कर रहे हैं। ग्राम की ओर से सलीम अशरफी ने बताया कि इस वर्ष 6 एवं 7 फरवरी को बड़े धूमधाम से उर्स पाक मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रदेश भर के गणमान्य एवं अंचल के सभी जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि उर्स के मौके पर बावनकेरा में दर्शनार्थियों का लाखों की तादात में जमावड़ा देखने को मिलता है। जिला प्रसासन सहित नगर पालिका, स्वास्थ्य अमला, यातायात एवं पुलिस का विशेष योगदान होता है। वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक हजरत जाकीर शाह कादरी रहम तुल्लाह अलैह का उर्स (सालान जलसा) बड़े धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इस वर्ष उर्स का 68 वर्ष है। इस अवसर प्रदेश सहित देश कोने कोने से श्रद्घालुओं का आगमन होता है और मुरादें पूरी कर घर वापस लौटते हैं। इस की व्यापकता और विशाल जन समुदाय की भीड़ को देखते हुए यातायात, पेयजल, आवास, भोजन, मेला स्थल आदि की चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है, जिससे आम जनमानस को कोई असुविधा न हो। मजार शरीफ एवं आसपास की साफ सफाई, लिपाई-पुताई रंग रोगन का कार्य जोरों पर है। दो दिवसीय इस आयोजक में विविध आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रुप से गरीब परिवारों को संकलित कर विवाह का कार्यक्रम 7 फरवरी को शाम 5 बजे हजारों की उपस्थिति में दरगाह शरीफ में चादरपोशी होगी।

# खल्लारी विधायक ने किया बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने बागबाहरा बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित डबल्स बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ किया।

बागबाहरा बैडमिंटन क्लब द्वारा जनपद पंचायत के सामने इंडोर स्टेडियम में डबल्स बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव थे। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने दीप प्रज्वलित कर बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथि विधायक यादव ने इस तरह के आयोजन के लिए बागबाहरा बैडमिंटन क्लब की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाएं सामने आती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेलों में रुचि बढ़ाने एवं युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने और उनका समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिससे खेलों में युवाओं का झुकाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उसको निखारने की जरूरत है। बागबाहरा बैडमिंटन क्लब की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, भूपेंद्र ठाकुर, मंता यादव, ताम्रध्वज बघेल, मेनका पुखराज साहू, मिथुन आमिर, रमेश साहू, प्रीति महेंद्र गुप्ता, सविता दीवान, शैलेश साहू, संजू अग्रवाल, कमलेश, महेश हरपाल, संजय अग्रवाल, प्रतीक चंद्राकर, धन्नू चंद्राकर, चिराग अग्रवाल मौजूद थे।



## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत गुरु रविदास के आदर्शों को स्मरण किया। इस अवसर पर चंदूलाल साहू, चंद्रहास चंद्राकर एवं जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने अपने संबोधन में संत गुरु रविदास के जीवन, विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास का संदेश आज भी समाज को समानता और भाईचारे की राह दिखाता है।

# रिवरडेल में एम-पावर इंटरस्कूल स्केटिंग टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के तत्वाधान में एम-पावर इंटरस्कूल स्केटिंग टूर्नामेंट का भव्य एवं सफल आयोजन 31 जनवरी को विद्यालय परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह, कौशल एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में अंडर-6, अंडर-8, अंडर-10, अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 एवं अंडर-18 आयु वर्गों के अंतर्गत मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में टेनासिटी (3 एवं 5 लैप्स), प्रो-इनलाइन, टॉय-इनलाइन (5 एवं 10 लैप्स) तथा क्वाड्स (5 एवं 10 लैप्स) शामिल रहीं।

इस अंतरविद्यालयीय प्रतियोगिता में डीपीएस छिंदवाड़ा, डीपीएस संबलपुर, एसआरवीएम सूरजपुर, रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद, गोंदिया एवं रायपुर, कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रायपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के लगभग 170 खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे रहे। अतिथि सम्मान के रूप में गोविंद मुदलियार (निदेशक, एम-पावर एजु-प्रेन्योर) एवं किशोर भंडारी (उपाध्यक्ष, रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा महासचिव, छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग एसोसिएशन) उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में बीआरसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा की उपस्थिति रही।

अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके प्रदर्शन की सराहना की तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता के विकास पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों, प्रतिभागी विद्यालयों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों ने इस टूर्नामेंट को एक यादगार खेल उत्सव बना दिया।

## गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण का बजट : प्रकाश सिन्हा



**बसना।** आज प्रस्तुत बजट भाषण को जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने जनअपेक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और सर्वसमावेशी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और श्रमिक वर्ग को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जो विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की नींव को और मजबूत करेगा। प्रकाश ने कहा कि बजट में ग्रामीण अधोसंरचना, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, बच्चों के पोषण व शिक्षा, किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधान इस बजट को जनकल्याणकारी बनाते हैं। पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से गांवों में वास्तविक बदलाव देखने को मिलेगा। सिन्हा ने विश्वास जताया कि इस बजट के माध्यम से जनपद पंचायतें शासन और जनता के बीच सशक्त सेतु के रूप में और प्रभावी भूमिका निभाएंगी तथा बसना अंचल सहित पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनसेवा, सामाजिक न्याय और संतुलित विकास का संकल्प है। हम संकल्पबद्ध हैं कि बजट की मंशा को धरातल पर उतारकर हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

## देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला बजट : चित्रकुमार भारती



**महासमुंद।** भाजपा नेता चित्रकुमार भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को देश के युवाओं, किसानों सहित सभी वर्गों के लिए सशक्त और दूरदर्शी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 मिशन को आगे बढ़ाने वाला है, जिससे देश न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत होकर उभरेगा। भारती ने कहा कि बजट के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि भाजपा सरकार का ठोस संकल्प है। इस बजट में हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का स्पष्ट खाका और जमीनी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में मैनुफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और कृषि क्षेत्र में एआई के उपयोग से आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों की आय बढ़ाने, रोजगार सृजन और समग्र विकास को गति मिलेगी। चित्रकुमार भारती ने कहा कि यह बजट गांव, कस्बे और शहर के युवाओं, महिलाओं और किसानों के सपनों को साकार करने वाला है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दर्शाने वाले इस बजट के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की सराहना की।

# वीबी जीरामजी से विकसित भारत का संकल्प होगा पूर्णो: येतराम

**महासमुंद।** विकसित भारतः रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)–2025 ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। हर हाथ को काम, हर परिवार को सम्मानजनक आजीविका के लक्ष्य के साथ यह मिशन देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि विकसित भारतः रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएँ ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यकर्ताओं से उन्होंने योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। राकेश चंद्राकर ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ



वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे, इसके लिए निरंतर संपर्क एवं सेवा भाव से कार्य करना आवश्यक है। संगठन की एकजुटता को उन्होंने विकास की मजबूत नींव बताया।

ओबीसी मोर्चा के संभागीय पदाधिकारी राजेंद्र नायक ने अपने संबोधन में पिछड़े वर्ग, ग्रामीण समाज एवं वंचित तबके को मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रोजगार और आजीविका के माध्यम से सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण ही विकसित भारत की आधार शिला है। उन्होंने सरकार की नीतियों को जनहितकारी बताते हुए संगठन की सक्रिय भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, मंडल प्रभारी नरेश चंद्रकर, मीडिया प्रभारी आनंद साहू, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज चंद्राकर सहित धरमदास साहू, रूपलाल पटेल, खेमराज बघेल, मंडल महामंत्री राकेश साहू, कमल कौशिक, निर्भय नायक, गब्बर साहू, डोमन यादव, यमुना ठाकुर, कुलजीत सलूजा, जीतराम पटेल, पोतदार सोनवानी, ताराचंद पटेल, द्वारिका सेन, प्रवीण साहू, नारायण दीवान, तुकाराम कोसरे, प्रकाश चंद्राकर, मोहन साहू तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोंगल में वार्षिक उत्सव शिक्षक सम्मान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

शासकीय प्राथमिक शाला गोंगल में वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा रूपलाल पटेल सरपंच, विशिष्ट अतिथि धरम पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, कौशिल्या ठाकुर जनपद सदस्य, रूपलाल पटेल पूर्व सरपंच, नोहर साहू संवाददाता, प्रेमशंकर मिश्रा, सुशीला भगत, सिराज बख्श, ईश्वर चंद्राकर रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्व लन कर पुष्प अर्पण कर किया गया। अतिथियों का स्वागत शाला विकास समिति ग्राम विकास समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। सरपंच प्रतिनिधि रूपलाल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक का स्थान सर्वोपरि होता है वे अपने कार्य को बखूबी निभाते है और वे अपने बच्चों को हमेशा सफल होना देखना चाहते है।



भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है जो सही गलत की पहचान कराता है शिक्षा के साथ-साथ समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाता है और समाज को जागरूक करता है धरम पटेल ने कहा कि शिक्षक नित नए प्रयोग करके बच्चो को शिक्षा देता है जिससे कि बच्चे जल्दी सीखे जनपद सदस्य कौशल्या ठाकुर ने सभी शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दिया। साथ ही सभी बच्चों को पढ़ाई पूरी लगन के साथ करने को कहा उद्बोधन पश्चात गांव के बुजुर्गजन का सम्मान किया गया साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको को मोमेंटो प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन में शाला प्रबंधन समिति समस्त ग्रामवासी का योगदान रहा।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच रूपलाल पटेल, ग्राम समिति अध्यक्ष भूषण पटेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मन्नूलाल साहू, उपाध्यक्ष भागवत साहू, गिरधारी पटेल, सम्पत पटेल, संतराम पटेल, संतोष पटेल, गंगाराम पटेल, देवेंद्र मिरी, प्रधानपाठक कल्याण सिंह ठाकुर, गायत्री पटेल, मोतीम ध्रुव, राधा साहू, लीलाबाई पटेल एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुकेश ध्रुव एवं बाबूलाल ध्रुव द्वारा किया गया।

# सरकारी अव्यवस्था के चलते 12 हजार किसान नहीं बेच पाए धान : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार के गलत नीतियों के कारण जिले के 12 हजार पंजीकृत किसान इस वर्ष भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह गए। वर्ष 2024-25 खरीफ सीजन में जिले के 9 हजार किसान धान बेचने से वंचित हुए थे। यह राज्य सरकार के किसान विरोधी नीति का ही परिणाम है। सरकार ने जान-बूझकर धान खरीदी देर से शुरू की। सहकारी समिति कर्मचारियों की मांगे न मानकर सरकार ने पूरे नवंबर माह तक खरीदी प्रभावित किया। जिले में अधिकांश लघु व सीमांत किसान हैं। इन किसानों का धान 1 नवंबर को कट चुका था। इन किसानों को खेती किसानी के लिए कर्ज लेना पड़ता है, कर्ज अदा करने की निश्चित तिथि भी होती है, तय तारीख तक उन्हें कर्ज चुकाना होता है, लेकिन, समय पर धान नहीं बिक पाने के कारण उन्हें औने-पौने दाम पर कोचियों को धान बेचना पड़ा। जिले के अधिकांश छोटे किसान समर्थन मूल्य पर धान इसलिए नहीं बेच पाए क्योंकि उनका ना ही समय पर टोकन कटा और ना ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हो पाया। विवश होकर उन्हें कोचियों को कम दाम पर धान बेचना पड़ा। चंद्राकर ने कहा कि सरकार ने जानबूझकर धान खरीदी में व्यवधान उत्पन्न किया। अभी भी जिले के समस्त सोसायटियों में धान बफर लिमिट पार कर चुका है। समितियों में धान रखने के लिए जगह नहीं है। उठाव नहीं होने से जाम के हालात निर्मित हो चुके हैं। भाजपा सरकार ने केवल दो खरीदी सीजन में ही किसानों को खून के आंसू रोने मजबूर कर दिया है।

# बजट 26-27 समावेशी विकास की नई रूपरेखा है : सांसद चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल और ग्रामीण और कृषि प्रधान राज्यों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय का सशक्त रूपरेखा बनकर सामने आया है। यह बजट स्पष्ट करता है कि विकास का लाभ अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव, वनांचल और आदिवासी अंचलों तक पहुंचेगा। ग्रामीण विकास के लिए 2.73 लाख करोड़ का आवंटन छत्तीसगढ़ के हज़ारों गांवों के लिए बुनियादी ढाँचे, आवास, जल, स्वच्छता और आजीविका के नए अवसर लेकर आएगा। राज्य की बड़ी आबादी कृषि और कृषि आधारित कार्यों पर निर्भर है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.62 लाख करोड़ का प्रावधान, विशेष रूप से धान-प्रधान क्षेत्रों, महिला किसानों और श्रमिक महिलाओं के लिए राहत और अवसर दोनों है। इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता नारी शक्ति को आर्थिक विकास का केंद्र बनाना है। महिला स्वयं सहायता समूहों, 'लखपति दीदी' पहल और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लघु और मध्यम उद्यम उद्योग क्षेत्र हेतु 10, 000 करोड़ का समर्पित विकास कोष महिला-नेतृत्व वाले सूक्ष्म उद्योगों को मजबूती देगा। छत्तीसगढ़ में लाखों महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं -यह बजट उन्हें उत्पादन, प्रसंस्करण और बाज़ार से जोड़कर स्थायी आय सुनिश्चित करेगा।

### महिलाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने वाला बजट

विशेष रूप से हथकरघा और पारंपरिक बुनकरी के लिए बजट का दृष्टिकोण छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोसा, सूती और पारंपरिक वस्त्रों से जुड़ी आदिवासी महिला बुनकरों को डिज़ाइन, तकनीक, मूल्य संवर्धन और डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने का रास्ता इस बजट ने खोला है। हथकरघा अब केवल सांस्कृतिक विरासत नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता का माध्यम बनेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में 1.04 लाख करोड़ का प्रावधान, विशेषकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और एनीमिया उन्मूलन पर फोकस, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ और आकांक्षी जिलों में महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा। वहीं शिक्षा के लिए 1.39 लाख करोड़ का निवेश आदिवासी और ग्रामीण बालिकाओं की शिक्षा को नई दिशा देगा। ऊर्जा क्षेत्र में 1.09 लाख करोड़ और हरित प्रौद्योगिकियों के लिए 20, 000 करोड़ का निवेश खनिज-समृद्ध छत्तीसगढ़ में स्वच्छ, टिकाऊ और रोजगारोन्मुखी विकास की संभावनाएँ बढ़ाएगा। इसके साथ ही श्रेणी 2 के अंतर्गत आने वाले नगरों में विशेष आर्थिक क्षेत्रों के लिए प्रति क्षेत्र 5, 000 करोड़ का प्रस्ताव राज्य के टियर-2 शहरों को नए आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करेगा। समग्र रूप से, बजट 2026–27 छत्तीसगढ़ की महिलाओं विशेषकर आदिवासी, ग्रामीण और हथकरघा से जुड़ी महिलाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने वाला बजट है। यह बजट उन्हें केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की सहभागी और नेतृत्वकर्ता बनाता है।

## केंद्रीय बजट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया




**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत केंद्रीय बजट को लेकर महासमुंद जिले में राजनीतिक दलों में चर्चा तेज है। बजट पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। जहां सत्ताधारी दल के नेताओं ने इसे विकासोन्मुखी और भविष्य की दिशा तय करने वाला बताया है, वहीं विपक्षी दलों ने बजट को अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वाला बताते हुए आलोचना की है।**

# कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बजट पर दी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गांव, किसान और खेती अब सरकार की प्राथमिकताओं से बाहर हैं। पहली बार ऐसा बजट, जिसमें किसान का नाम तक नहीं, न सिंचाई, न खाद, न खेतिहर मज़दूर। पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 में न राजस्व बढ़ा पाए, न टैक्स वसूली मज़बूत हो सकी।

इस बार भी निर्मला सीतारमण के धुंआधार बजट में धुंआ बहुत है और धार बहुत पतली है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक विकास और ग्रामीण विकास से लेकर शहरी विकास तक हर क्षेत्र में कटौती ही कटौती। फसल बीमा, यूरिया सब्सिडी, ग़रीब कल्याण अन्न योजना से लेकर ग़रीबों को गैस योजना सब में कटौती कर दी गई है। यहां तक कि ओबीसी, अनुसूचित जाति और जनजाति सभी क्षेत्रों में कटौतियां कर दी गईं हैं। बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि तक घटा दी है। न बढ़ती महंगाई का कोई उपाय, न बढ़ती बेरोज़गारी को रोकने का कोई प्रयास।

न विदेशी हलचल से बाज़ार पर होने वाले असर को रोकने का कोई संकल्प। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बजट भारत की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों के लिए एक सवाल लेकर बैठा है। इस बजट में गरीब तबके के लिए कुछ नहीं है

# छत्तीसगढ़ के खनिज संपदा को लूटने माइनिंग जोन का प्रस्ताव : विनोद



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट को दिशाहीन तथा छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत निराशाजनक करार दिया है। चंद्राकर ने कहा कि इस बजट में छत्तीसगढ़ के विकास का नहीं अपितु विनाश का रोडमैप तैयार किया गया है। बजट में साफ झलक रहा है कि प्रदेश के खनिज संपदा को लूटने की तरकीब बनाई गई है। छत्तीसगढ़ में बेशकीमती खनिज संपदा के दोहन करने माइनिंग कॉरीडोर विकसित करने का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट इतना घातक साबित हुआ कि एक तरफ बजट पढ़ा जा रहा था, दूसरी ओर शेयर मार्केट गिर गया। यह बजट आम आदमी के हित व विकास से कोसों दूर साबित हुआ।

# युवाओं व किसानों की आय बढ़ाने वाला बजट : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने आज वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट को सर्व हितकारी बजट बताते हुए देश को विकास की दिशा में अग्रसर करने वाला बजट कहा है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीबों के कल्याण, युवाओं के लिए अवसर, किसानों की आय बढ़ाने और मध्यम वर्ग को राहत देने पर विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट 'विकसित भारत' के संकल्प को और मजबूत करेगा। बजट से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

विकसित भारत के लिए पेशेवर लोग तैयार करने के लिए मौजूदा संस्थोनों का उन्नायन किया जाएगा और निजी तथा सरकारी क्षेत्रों में नए एएचपी संस्थासनों की स्थाउपना की जाएगी। अगले पांच वर्ष में एक लाख एएचपी जोड़े जाएंगे। वृद्धों की चिकित्साथ और संबद्ध देखभाल सेवाओं को शामिल करते हुए मजबूत देखभाल सेवा परिवेश बनाया जाएगा। अगले कुछ वर्षों में डेढ़ लाख देखभाल सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थालन स्थाओपित किए जाएंगे। प्रमाणन परिवेश के उच्चग मानकों के लिए आयुष फार्मेसी और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं का उन्नायन करने तथा अधिक कुशल कार्मिक उपलब्धफ कराने और पारंपरिक दवाओं के लिए साक्ष्य आधारित अनुसंधान, प्रशिक्षण और जागरुकता को बढ़ावा देने पर कार्य किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर निर्णय लिए गए हैं। जिसमें सरकार बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक कॉरीडोर के आसपास विश्वरविद्यालय टाउनशिप का निर्माण करने में राज्योंब की सहायता करेगी। प्रत्येकक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थाापना होगी। जिससे छात्राओं को सुरक्षित आवास मिलेगा।

## विकसित राष्ट्र की दिशा में मजबूत आधार तैयार करने वाला बजट : रमेश



**महासमुंद।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में यह बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है, यह बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करने वाला है।

# देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला बजट : येतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ सभी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए शानदार बजट



भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को देश के युवाओं और किसानों के लिए ही नहीं बल्कि सभी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए शानदार बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 2047 को यह बजट आगे ले जाना वाला है। जिसमें देश न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत होकर उभरेगा।

जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री ने सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि भाजपा सरकार का संकल्प है। इस बजट में न सिर्फ हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का एक स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, बल्कि उसे प्रोत्साहन देने का एक जमीनी विजन भी है, जो उसे हर कदम पर मदद करेगा। विकसित भारत बजट एक ऐसे भारत के निर्माण का विजन है, जो विश्व में हर क्षेत्र में अग्रणी हो। उन्होंने आगे कहा कि मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, टूरिज्म, किसानी में एआई का उपयोग कर आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देने का प्रावधान, स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने, पर्यटन को बढ़ावा देने एक विशेष रोडमैप तैयार किया गया है। विकसित भारत बजट हर गांव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण और अगले 25 वर्षों के रोडमैप को दर्शाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री साधुवाद के पात्र हैं।

# बजट जनता के लिए हितकारी एवं कल्याणकारी साबित होगी : अल्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए देश की संसद में प्रस्तुत किए गए सालाना बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अल्का चंद्राकर (स्वतन्त्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार) ने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाने वाली बजट है। यह बजट आम जनता के लिए हितकारी एवं कल्याणकारी साबित होगी। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करने वाली बजट होगी। अल्का चंद्राकर ने बताया कि इस बजट में मोदी सरकार की यह दूरदर्शी नीति न सिर्फ इनोवेशन को बढ़ावा देती है बल्कि सस्टेनेबल निवेश को आकर्षित करती है और मैन्यूफैक्चरर्स को जिम्मेदारी के साथ अपने उत्पाद निर्माण के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगी। जिससे आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। इस बार का केंद्रीय बजट युवाओं, महिलाओं, किसानों, नए उद्यमियों, मध्यम वर्ग, शिक्षा क्षेत्र, रक्षा क्षेत्र, स्वास्थ्य, टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल के लिए उपयोगी साबित होगी।

अल्का ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा लगातार 9 वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत करना सभी महिलाओं के लिए गौरव एवं स्वाभिमान का क्षण है। इस बार के बजट में महिलाओं के लिए देश के सभी जिलों में महिला हॉस्टल निर्माण करने की घोषणा की गई है तथा महिला स्व सहायता समूह को और सशक्त बनाने की घोषणा की गई है जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगी। साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर बजट को ऐतिहासिक बताते हुए अल्का ने कहा कि बायोफार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे कैंसर, डायबिटीज सहित अन्य गंभीर बीमारियों की दवाइयों के दाम सस्ती होगी।

# युवाओं के बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाला ऐतिहासिक बजट : अमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट का भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक बताते हुए सभी वर्गों खासकर युवाओं के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाला बजट करार दिया है। अमन ने प्रधान मंत्री यशस्वी नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं, युवाओं, छात्राओं सभी के लिए बेहतर प्रावधान किए गए हैं। बजट में 'युवा शक्ति' को अपनी प्राथमिकता बनाया गया है। वित्त मंत्री ने बेरोजगारी की समस्या को दूर करने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं।

जहां बेरोजगारों के लिए स्किलिंग और नई नौकरियों के द्वार खोले गए हैं। वहीं स्टार्टअप की चाह रखने वाले युवाओं के लिए भी बेहतर अवसर मिलेंगे। सेमीकंडक्टर क्रांति के तहत इस सेक्टर के लिए 40, 000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। चिप मैन्युफैक्चरिंग हब बनने से लाखों तकनीकी नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। वहीं, एवीजीसी सेक्टर (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स सेक्टर) में 2030 तक 20 लाख प्रोफेशनल की जरूरत होगी। इसके लिए 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'कंटेंट क्रिएटर लैब्स' बनाई जाएंगी।

शहरों में विशेष आर्थिक क्षेत्र बनने से स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार मिलेगा। छात्राओं के पढ़ाई से लेकर रहने तक की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए देश के हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल खोला जाएगा। सरकार प्राइवेट यूनिवर्सिटी खोलने में सहायता करेगी, ताकि ग्रामीण और कमजोर वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए भटकना न पड़े। विशेष रूप से देश के कमजोर तबकों को बढ़ावा देने बजट में ध्यान रखा गया है।

# बजट 2026-27 देशवासियों के भाग्य बदलने वाली : डिंपल डॉली ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



केंद्रीय बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल डॉली ध्रुव ने इसे 'ऐतिहासिक और अंत्योदय को समर्पित' बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट समाज के हर वर्ग, विशेषकर मजदूर, महिला, युवा और किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने वाला है। डॉली ध्रुव ने विशेष रूप से बीवी जी-राम का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने इसके लिए 95, 000 करोड़ से अधिक का प्रावधान कर मजदूर वर्ग को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा, ₹यह योजना गांवों में ही सम्मानजनक रोजगार और बेहतर आय सुनिश्चित करेगी, जिससे हमारे क्षेत्र के मजदूरों को काम के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। बजट में प्रत्येक जिले में कन्या छात्रावासों का निर्माण और 4 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य नारी शक्ति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, 15,000 स्कूलों में 'कंटेंट क्रिएटर लैब्स' और 'अटल टिंकरिंग लैब्स' के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

### आम जनता को बड़ी राहत

उन्होंने आगे कहा कि कैंसर और डायबिटीज जैसी 17 गंभीर बीमारियों की दवाओं पर सीमा शुल्क घटाकर मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग और गरीबों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की है। साथ ही 12.2 लाख करोड़ का बुनियादी ढांचा निवेश देश की प्रगति को नई गति देगा। डिंपल डॉली ध्रुव ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारतवर्ष के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

■ विधायक कार्यालय में लाइव प्रसारण में शामिल हुए लोग

संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण बसना विधायक कार्यालय में बड़े उत्साह के साथ देखा गया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय प्रबुद्धजनों के साथ बजट भाषण को ध्यानपूर्वक सुना और इसे राष्ट्र-निर्माण का मजबूत रोडमैप बताते हुए खुलकर सराहना की।

बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यह नवीनतम बजट मात्र एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' के महान संकल्प को साकार करने वाली आधारशिला है। यह बजट देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक दूरदर्शी और मजबूत कदम है, जो किसानों की समृद्धि, युवाओं के कौशल विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, श्रमिकों के कल्याण तथा मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

विधायक ने बजट के प्रमुख प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि अधोसंरचना के अभूतपूर्व विकास से कनेक्टिविटी मजबूत होगी, व्यापार को नई गति मिलेगी और आर्थिक चक्र तेज होगा। युवाओं के लिए कौशल उन्नयन कार्यक्रमों और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया है, जो आने वाले समय में लाखों रोजगार के द्वार खोलेगा। स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पंख देंगे, बल्कि राज्यों के साथ बेहतर समन्वय और सामाजिक कल्याण योजनाओं के विस्तार से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचेगा। चाहे मैन्युफैक्चरिंग हो, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, पर्यटन या फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)



जैसे उभरते क्षेत्र - यह बजट हर मोर्चे पर नई ऊर्जा का संचार करेगा।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों को छुएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में यह बजट समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति से लेकर हर वर्ग के उत्थान की नई राहें प्रशस्त करेगा। उन्होंने हृदयपूर्ण आभार व्यक्त करते हुए कहा मै प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं समस्त केंद्र सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह जन-कल्याणकारी बजट निश्चित रूप से देश की प्रगति को अभूतपूर्व आयाम प्रदान करेगा और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली की बहार लाएगा।

इस अवसर पर विधायक कार्यालय में बसना नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, बसना नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, महामंत्री बसना मंडल दीपक शर्मा, महामंत्री बसना मंडल सरोज पटेल, विधायक प्रतिनिधि कामेश बंजारा, गिरधारी डड़सेना, आकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष बसना मंडल अमृत चौधरी, पार्षद आशीष साहू, राकेश डड़सेना, संगीता नायक, पिंटू अरोरा, किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र नायक, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष राकेश भारती, युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमप्रकाश साव, मंडल मंत्री सुनील प्रधान, महिला मोर्चा अध्यक्ष दीपा साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलापराम निराला, शिक्षक केके पुरोहित, जनपद सभापति जन्मजय साव, बसना मीडिया प्रभारी सुखदेव दास वैष्णव, लोकनाथ डड़सेना, पंचानन भोई, आकाश सिन्हा, उमेश बंजारा, सरोज प्रधान, ललित पुरोहित, खीरसागर, श्याम प्रधान, रमेश प्रधान, अरुण साहू, परदेशी पटेल, बीएलए 2 निराधार नायक, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने बजट की लोक-लुभावन घोषणाओं का तालियों के साथ स्वागत किया। बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इसे राष्ट्र-निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर बताते हुए क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस बजट के लाभों को जमीन पर उतारने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती देता केंद्रीय बजट: तुषार



**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 देश को "विकसित भारत" के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाने वाला दूरदर्शी बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार यह बजट समावेशी विकास, आर्थिक मजबूती और सामाजिक संतुलन का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य अशवंत तुषार साहू ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट किसान, गरीब, महिला, युवा, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बजट में सुधारों को प्राथमिकता देते हुए सेमीकंडक्टर, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया है। राज्यों को 1.4 लाख करोड़ रुपये का सहयोग, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 4000 ई-बसों की योजना तथा जिला अस्पतालों के उन्नयन जैसे प्रावधान जनकल्याण को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि छोटे करदाताओं के लिए कर प्रक्रिया को सरल बनाना और नए इनकम टैक्स एक्ट को लागू करना कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाएगा। साथ ही, देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने और बजट में मेंटल हेल्थ पर विशेष ध्यान देने से सामाजिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को मजबूत करने वाला यह बजट नए अवसरों के सृजन के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। विश्वास, विकास और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला यह बजट हर भारतीय के उज्ज्वल कल का आधार बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का इस जनहितैषी बजट के लिए आभार व्यक्त किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भोमेश एफएमजीई परीक्षा में रहे सफल



**झलप।** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा दिसंबर 2025 में आयोजित एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) परीक्षा में नरतोरा निवासी छविंद्र पटेल के सुपुत्र भोमेश पटेल ने 182 अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भारतीय मानकों के हिसाब से ढालने के लिए ये परीक्षा आयोजित की जाती है। भोमेश ने अपने दादा टूकलाल पटेल, पिता छबिंद्र पटेल, माता किरण पटेल, को अपनी सफलता का श्रेय दिया। जिला संगठन प्रभारी महासमुंद पुरुषोत्तम पटेल (फूफा), केंद्रीय अध्यक्ष उषा पटेल, नैन पटेल (मामा) सभापति जिला पंचायत एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

### बागबाहरा कबड्डी प्रतियोगिता 6 से

**बागबाहरा।** नगर में अखिल भारतीय महिला पुरुष कबड्डी विगत 5 वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक जय चण्डी खेल कला क्लब तत्वाधान में जैन मंदिर प्रांगण स्टेशन चौक के समीप किया जा रहा है। समिति के सदस्य उदय चंदेल दीपक यादव ने बताया कि नगर में 6 फरवरी शुक्रवार से राज्यस्तरीय महिला पुरुष वर्ग कबड्डी महोत्सव आयोजित होने जा रहा है. इसमें राज्य जिले सहित अन्य प्रदेशों से भर से 35-40 से अधिक टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए 2 कोर्ट तैयार किए गए हैं और सभी मैच शाम 6 बजे से शुरू होंगे, फाइनल मैच शाम को खेला जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक खेल कबड्डी को बढ़ावा देना और बच्चों एवं युवाओं को खेलों से जोड़ना है. पुरुष-महिला वर्ग में आयोजित की जाएगी. कुल लगभग 35-40 मैच होंगे और इसे सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए 60 खेल शारीरिक शिक्षक और 40 कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। महोत्सव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें प्रदेश, जिले, सहित ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश की टीमें भाग लेंगी।

### आयोजन : विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक

# सांस्कृतिक पहचान को सहेजने में मड़ई मेला की महत्वपूर्ण भूमिका : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरवामुड़ा, उर्री डोंगरी एवं मोखा में आयोजित पारंपरिक मड़ई मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम आगमन पर ग्रामवासियों द्वारा विधायक यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर मड़ई मेला कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनमानस का उत्साह और परंपराओं



के प्रति अटूट विश्वास ही हमारी सांस्कृतिक धरोहर की वास्तविक शक्ति है। मड़ई मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए पारंपरिक गीत-संगीत एवं लोकनृत्यों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। यह आयोजन सामाजिक मेल-मिलाप, क्षेत्रीय एकता एवं भाईचारे को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध हुआ। ग्राम भरवामुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में जनपद सभापति दिनेश अग्रवाल, सरपंच कृष्ण कुमार ठाकुर, पूर्व सरपंच लोकेश पटेल, घनश्याम साहू, हिरोद साहू, रामकिसुन साहू, खोमन साहू, पीतांबर पटेल, अर्जुन साहू, पालचंद साहू, हरिनाथ साहू, शोभचंद साहू, तुलसी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उर्री डोंगरी में आयोजित कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत साहू, महावीर साहू, बलराम कोसरिया, तुलाराम ध्रुव, पवन साहू, खेमराज साहू, अवधराम, रेशम, हेमलाल, रमेश साहू, तुला साहू, मोती साहू, मनोज सिन्हा, लोकनाथ पटेल, नर्मदा ध्रुव, देवकी साहू, राजेश्वरी बरिहा, रूपचंद साहू, मधु साहू, पिलेश्वरी ठाकुर, विष्णु बंजारा, सतीश अग्रवाल, संजय बरिहा सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। ग्राम मोखा में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच ललिता ध्रुव, सृष्टि गोविंद चंद्राकर, मोहनलाल चंद्राकर, अवधराम यादव, फिरण सिंह ध्रुव, खुलेश ध्रुव, बसंत चंद्राकर, लखनलाल चंद्राकर, बलराम चंद्राकर, ओमलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




### डॉ. रानी सिंह को कुलपति के हाथों मिली पीएचडी की डिग्री

**बागबाहरा।** बागबाहरा निवासी सोनकुंवर की पुत्री डॉ. रानी सिंह को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के दीक्षांत समारोह में कुलपति के द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल, शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। डॉ. रानी सिंह ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी गुरु प्रो. डॉ. नीता गहरवार के कुशल मार्गदर्शन और अपने परिवार के निरंतर सहयोग को दिया है। डॉ. रानी सिंह पिछले 15-16 वर्षों से कथक नृत्य की साधना कर रही हैं। उन्होंने खैरागढ़ विश्वविद्यालय से ही कथक नृत्य में बीए और एमए की शिक्षा पूर्ण की। उपलब्धि पर माता सोनकुंवर, चाचा मान सिंह, चाची लक्ष्मी सिंह, बुआ सुशीला यादव प्रेम यादव और बड़े भाई भीखम सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### द न्यू होली फेथ स्कूल महासमुंद में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का भावपूर्ण विदाई समारोह

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए परंपरानुसार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्था प्रमुख महेंद्र जैन, पूजनीय कविता पींचा, भावना जैन, प्राचार्या शर्वरी पींचा सहित समस्त शिक्षकगण एवं कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी आसंदी अतिथि के रूप में सादर मंचस्थ रहे। संस्था प्रमुख महेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला सिखाते हुए प्रेरक प्रसंगों के साथ सुमधुर स्वर में गीत प्रस्तुत किया। कक्षा शिक्षिका ललिता चंद्राकर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्किट, नृत्य, खेल एवं विचार अभिव्यक्ति जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं।

# बसना ग्रामीण में 'छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव' की धूम

## विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 'छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव' का भव्य आयोजन ग्राम जगदीशपुर में किया गया। कार्यक्रम में विद्युत सेवा के विस्तार और उपभोक्ताओं के साथ विभाग के मजबूत रिश्तों को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रिद्धि मनसा नायक (सरपंच, ग्राम पंचायत जगदीशपुर) एवं नवलीन मांझी (सरपंच, ग्राम पंचायत नरसिंहपुर) की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने विद्युत क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की सराहना की और नागरिकों से 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत सब्सिडी का लाभ उठाने की अपील की।

महोत्सव के दौरान विभाग ने उन उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर




सम्मानित किया जो बिजली बिल भुगतान में नियमित हैं। इनमें 2 साल से नियमित भुगतान करने वाले घरेलू, गैर-घरेलू और कृषक उपभोक्ता, बीपीएल कनेक्शन के आदर्श उपभोक्ता, पीएम सूर्य घर योजना के प्रथम पांच लाभार्थी शामिल रहे।

### विद्युत विकास की यात्रा

बसना उपसंभाग के सहायक अभियंता एन के आदित्य ने बताया कि बीते 25 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण ट्रांसफार्मरों का जाल बिछाया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्होंने 'मोर बिजली ऐप' और स्मार्ट मीटर जैसी नई तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में विभाग की विकास यात्रा और आधुनिक स्मार्ट मीटर तकनीक को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेष तांडी (सहायक लाइनमैन) और आभार प्रदर्शन जीएस राठिया (कनिष्ठ अभियंता) ने किया। विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि अगला रजत जयंती महोत्सव 02 फरवरी 2026 को गड्ढफुलझर वितरण केंद्र में आयोजित होगा, जहां ग्रामीणजन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं।



### झलप में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**झलप।** ग्राम पंचायत झलप के वार्ड क्रमांक 15 में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच राकेश साहू, जनपद सदस्य बलविंदर सीटू सलूजा, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, बली पटेल, सहकारी समिति अध्यक्ष सागर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू चंद्राकर, हनी गंभीर, संतोष पंडा, कृपाराम ठाकुर सहित भाजपा झलप मंडल के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### विधायक के हाथों साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खिले

**झलप।** शासन के महत्वपूर्ण योजना सरस्वती साइकिल योजना तहत 83 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साथ ही नव निर्मित कम्प्यूटर कक्ष का लोकार्पण भी हुआ। कार्यक्रम में विधायक द्वारा विभिन्न खेलों में शामिल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता में महिला वर्ग में विद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, युवराज ध्रुव का नेशनल कब्बडी टीम में चयन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता निर्भर नायक जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा, विशेष अतिथि बलविंदर सिंह सीटू सलूजा जनपद सभापति, राकेश साहू झलप सरपंच, सम्मी सलूजा विधायक प्रतिनिधि, कुलजीत सलूजा विधायक प्रतिनिधि, कमल कौशिक महामंत्री मंडल झलप, हनी सिंह गंभीर जिला मीडिया सह प्रभारी मंच में उपस्थित रहे। इस दौरान तीजन गब्बर साहू जनपद सदस्य, चंद्रहास चंद्राकर मंडल अध्यक्ष झलप, खेमराज बघेल प्राचार्य, विजय लक्ष्मी सिदार एवं समस्त स्टाफ, डोमन यादव, यमुना ठाकुर, प्रकाश चंद्राकर, ताराचंद पटेल, देवेंद्र राय, सागर साहू, छविंद पटेल, संतोष यादव, द्वारिका सेन, बली पटेल, यादराम पटेल, राजा अग्रवाल, संतोष पंडा, सतीश मारकंडे, राधेश्याम पटेल, ऋतु जोहत निषाद, भारत ध्रुव, चूड़ामणि सिन्हा, भोजराम ध्रुव, कृपाराम ठाकुर उपस्थित थे।



### अग्रवाल समाज के नवयुवकों की अनुकरणीय पहल, 'संडे की सेवा' का हुआ शुभारंभ

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर के अग्रवाल समाज के नवयुवकों द्वारा समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'संडे की सेवा' नामक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल के अंतर्गत हर रविवार को शासकीय चिकित्सालय पिथौरा में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वल्पाहार वितरित किया जाएगा। इस सेवा कार्य का शुभारंभ रविवार को किया गया। अग्रवाल समाज के अमित गोयल, सुमीत अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनीष बंसल एवं शुभम अग्रवाल, समाज के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में शासकीय अस्पताल पहुंचे और मरीजों तथा उनके अभिभावकों को स्वल्पाहार वितरित किया। नवयुवकों द्वारा शुरू की गई इस मानवीय पहल की समाज के लोगों ने सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय बताया। 'संडे की सेवा' के माध्यम से समाज के युवाओं ने यह संदेश दिया कि सेवा और संवेदना ही सच्ची सामाजिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के नव-नियुक्त अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, निर्माण समिति अध्यक्ष सुरेश बंसल, संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल, सुमित अग्रवाल एवं संजय गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित समाजजनों ने नवयुवकों के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं और अन्य लोगों को भी आगे आकर सेवा कार्यों में सहभागी बनना चाहिए।

# कोमाखान कॉलेज में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में 29 जनवरी 2026 को वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल और संस्कृति में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



उत्सव के दौरान छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक, कविता पाठ एवं लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही वार्षिक खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों हेतु पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में जवा बाई कुमार ठाकुर, हीरेंद्र उपाध्याय, नितिन जैन, वीणा आशीष वाकड़े, देवेंद्र वेदव्यास, दुर्गा सागर, हरिशंकर यादव, डॉ. विजय शर्मा एवं राहुल वास उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन दिया। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ भूमिका शर्मा ने किया तथा मंच संचालन हरीश कुमार चौहान ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पीयूष कुमार तांडेय (सहायक प्राध्यापक हिंदी), समस्त अतिथि व्याख्याता - लता पटेल, डॉ. टिकेंद्र साहू, हेमा वर्मा, मन्नू लाल कुर्रे, डॉ. रंजना दुबे, भारती साहू, मोनिका वर्मा, धात्री चक्रधारी, नीलम जांगड़े, आदिल अहमद (क्रीड़ा अधिकारी), हेतराम भोई (ग्रंथपाल), गगन और समस्त विद्यार्थियों की की सक्रिय भूमिका रही।

### परोसा जा रहा गुणवत्ताहीन भोजन



**झलप।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और स्व-सहायता समूहों की मनमानी के चलते झलप उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों, खासकर गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता और पोषण हीन भोजन परोसा जा रहा है। 30 रुपए में और क्या देंगे? – संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भोजन की गुणवत्ता को लेकर एक पीड़ित मरीज ने आवाज उठाई, तो महिला स्व-सहायता समूह के संचालक ने दो टूक शब्दों में कहा कि 30 रुपये में और क्या देंगे? खाना मिल रहा है, यही बहुत है। मरीजों का आरोप है कि भोजन न केवल बेस्वाद है, बल्कि पूरी तरह से 'गुणवत्ता विहीन' है। गर्भवती महिलाओं के साथ अन्याय जिन महिलाओं को इस अवस्था में सबसे पौष्टिक आहार की ज़रूरत है, उन्हें ऐसा खाना दिया जा रहा है जिसे निगलना भी दूभर है। अन्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह खाना पोषण कम और इन्फेक्शन का खतरा ज़्यादा पैदा कर रहा है। पीड़ित ने आप बीती बताते हुए कहा कि हमने शिकायत की, तो सुधारने के बजाय हमें चुप करा दिया गया।

# राज्यसभा सदस्य बिशी का समाज के लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सर्किट हाउस सरायपाली में राज्य सभा सदस्य निरंजन बिशी का आगमन हुआ। उनका स्वागत जयदेव भोई पूर्व अध्यक्ष संवरा समाज, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष पीएल सिदार, युवराज रावल, गजानंद भोई, चिंतामणि एवं अन्य सवरा, संवरा, सहारा क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ राज्य में 32 प्रतिशत आदिवासी आबादी होने के पश्चात राज्यसभा सदस्य में समाज का कोई भी प्रतिनिधि नहीं होने का बात कहा एवं आने वाले समय में विधायक, सांसद आदि पदों हेतु समाज को प्रतिनिधित्व देने की बात कही गई। जिससे की इस समाज के 12 वर्षों की कमी को पूरा किया जा सके। इस दौरान मांग की गई कि संवरा समाज के कुलदेवी सबरी माता के नाम से सिंघनपुर में राष्ट्रीय स्तर पर 10 दिवसीय सामाजिक मेले का आयोजन किया



जाता है, जिसमें शासन द्वारा किसी प्रकार का कोई सहयोग नही किया जाता है। शासन से अपील गई है कि सामाजिक विकास एवं उन्नयन हेतू सबरी मेले का संस्कृतिकरण किया जाए एवं मंदिर के जीर्णोधार की कार्रवाई की जाए। सबरी माता के नाम से शिवरीनारायण में प्रसिद्ध मंदिर स्थित है, जिसे मूलरूप से सबरी मंदिर के नाम से चिन्हांकन किया जाए तथा यहां के बार नवापारा राष्ट्रीय अभ्यारण को मां सबरी अभ्यारण के रूप में घोषणा की जाये, जिससे की क्षेत्रीय स्तर पर रहने वाले सबरी संवरा समाज की संस्कृति की रक्षा की जा सके एवं उनका उत्तोरत्तर विकास हो।

### प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल अरंड के संयुक्त तत्वावधान में हुआ वार्षिकोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल अरंड के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत अरंड के सरपंच डिगंबर पटेल थे। अध्यक्षता प्राचार्य नमोकांकण प्रसाद तिवारी, विशिष्ठ अतिथि शिव चरण ध्रुव एवं सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य एस एस मिश्रा, शाला प्रबंधन व विकास समिति अध्यक्ष कार्तिक राम पटेल, उप सरपंच युवराज पटेल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के तस्वीर पर पूजा अर्चना किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य नमोकांकण प्रसाद तिवारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से यह वार्षिक उत्सव का आयोजन हो रहा है। जिसमें प्राथमिक मिडिल और हाई स्कूल के बच्चें भाग लें रहे हैं। आयोजन में ग्राम पंचायत, पालक और गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग है। सामूहिक सहभागिता से आयोजन किया गया है। हाई स्कूल के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं मिडिल स्कूल से स्वागत गीत के द्वारा कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस दौरान छात्रा-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मिडिल स्कूल के



द्वारा प्रस्तुति ₹झांसी की रानी₹ नृत्य नाटिका को सभी ने सराहना किये। ये प्रस्तुति रानी लक्ष्मी बाई द्वारा अंग्रेजों से लोहा लेते हुए उनके संघर्ष और वीरता को याद करने दर्शकों को मजबूर कर दिया। हाई स्कूल की प्रस्तुति बालिका शिक्षा पर आधारित ₹सेव द गर्ल्स ₹ ने एक मर्म स्पर्श कराया कि बेटियों को शिक्षा, स्वतंत्रता और सुरक्षा व अवसर मिले तो बेटियां किसी लड़के से कम नहीं है। प्राथमिक शाला की प्रस्तुति ₹जेहर रखे तीर कमान₹ आदिवास संस्कृति को प्रदर्शित किया गया जो सराहनीय रहा। छात्राओं द्वारा संबलपुरी नृत्य, उड़यि रसाकेली, बस्तरहीन बाला, महुआ झरे, डोंगरी म न, हमरपारा तुम्हरपारा, मिडिल स्कूल के छात्रों द्वारा बम्हन चिरैया, राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति दी गई। छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक रंगा रंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने अंतिम समय तक दर्शकों को बांध कर रखा रहा। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और पलकों द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए नगद पुरस्कार दिए।

कार्यक्रम का संचालन सोनसाय पटेल, शैलेन्द्र सिन्हा एवं जयराम पटेल के द्वारा किया गया व आभार मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रोहिणी कुमार देवांगन ने किया। आयोजन में शोभाराम ध्रुव, श्रीमति भोगेश्वरी ध्रुव, बृजलाल ध्रुव, हुसन निर्मलकर, कृष्णा ध्रुव, देवानंद पटेल, गंगाधर निर्मलकर, कौतुक पटेल, आशा धीवर पंच मुरलीधर ध्रुव, अमृत राणा, सुखवंतिन देवांगन, भूषण बाई भोई, सुनीत दुबे, डिगेश्वरी ध्रुव, रोहित पटेल, शिक्षक नकुल राम साहू, प्रदीप कर, लोकेश्वरी साहू, गंगा पैकरा, फुलकुवर पटेल, अर्चना पटेल, क्षमा निषाद, टीकम पटेल, नाथूराम साहू, चंपा ध्रुव, दिनेश दुबे, युवराज निर्मलकर, अजय ध्रुव, गेंदलाल विश्वकर्मा, हेम प्रसाद साहू, मथुरा बाई ठाकुर, भुनेश्वरी ठाकुर, खेमिन ध्रुव, जीराबाई ध्रुव, मैना बाई ध्रुव मौजूद रहे।

